अनुक्रमांक : ____________ नाम : ____________

**932** **825 (JC)**

# 2024
# सामाजिक विज्ञान
## (Social Science)

**(Hindi and English versions)**

**मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 12**

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**Note:** First 15 minutes are allotted for the candidates to read the question paper.

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) इस प्रश्नपत्र के दो खण्ड, खण्ड अ तथा खण्ड ब हैं।

(iii) खण्ड अ में 1 अंक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनके उत्तर ओ० एम० आर० उत्तर पत्रक पर नीले अथवा काले बाल प्वाइंट कलम से सही विकल्प वाले गोले को पूर्ण रूप से काला कर चिह्नित करें।

(iv) खण्ड अ के प्रत्येक प्रश्न का निर्देश पढ़कर केवल प्रदत्त ओ० एम० आर० उत्तर पत्रक पर ही उत्तर दें। ओ० एम० आर० उत्तर पत्रक पर उत्तर देने के पश्चात उसे नहीं काटें तथा इरेजर अथवा ह्वाइटनर का प्रयोग न करें।

(v) प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(vi) खण्ड - ब में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं। इस खण्ड में वर्णनात्मक-1, वर्णनात्मक-II तथा मानचित्र सम्बन्धी दो प्रश्न हैं।

(vii) खण्ड ब में सभी प्रश्नों के उत्तर एक साथ ही करें।

(viii) प्रथम प्रश्न से आरम्भ कीजिए तथा अन्तिम प्रश्न तक करते जाइए। जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिए।

(ix) दिए गए मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका के साथ मजबूती से संलग्न करना आवश्यक है।

(x) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के स्थान पर अलग से प्रश्न 9 (A) तथा 9 (B) लिखने के लिए दिए गये हैं।

**Instructions:**

(i) All questions are compulsory.

(ii) This question paper has two Parts - Part-A and Part-B.

(iii) Part-A consists of 20 multiple choice questions of one mark each that have to be answered on OMR Answer Sheet by darkening completely the correct circle with blue or black ballpoint pen.

(iv) For Part-A read the question-wise instructions and mark your answer on the given OMR Answer Sheet only. Do not erase, cut or use whitener on the OMR Answer Sheet after answering.

(v) Marks of the questions are mentioned against them.

(vi) Part-B consists of descriptive type questions of 50 marks. There are Descriptive-I, Descriptive-II and two map related questions in this part.

(vii) All the questions of Part-B are to be attempted all at a time.

(viii) Start from the first question and go up to the last question. Do not waste your time on the question you cannot solve.

(ix) Attach firmly the supplied maps in your answer-book.

(x) For visually impaired examinees Question Nos. 9(A) and 9(B) have been given separately for writing answers in lieu of map work.

## खण्ड अ

## PART - A

**(बहुविकल्पीय प्रश्न / Multiple Choice Type Questions)**

**निर्देश :** नीचे दिए गए प्रश्नों के प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प चुनकर उसे OMR उत्तर पत्रक पर चिह्नित करें :

**Instruction:** Four alternatives are given for each of the following questions. Choose the correct alternative and mark on OMR answer sheet:
**1 × 20 = 20**

1. इटली का एकीकरण किसके नेतृत्व में किया गया ? **1**

(A) ज्युसेपे गैरीबाल्डी
(B) ऑटो वांन बिस्मार्क
(C) नेपोलियन
(D) विलियम प्रथम

Under whose leadership was the unification of Italy done ? **1**

(A) Giuseppe Garibaldi
(B) Otto von Bismarck
(C) Napoleon
(D) William I

2. रौलट एक्ट कब पारित हुआ ? **1**

(A) 1918 ई०
(B) 1919 ई०
(C) 1920 ई०
(D) 1921 ई०

When was the Rowlatt Act passed ? **1**

(A) 1918 A.D.
(B) 1919 A.D.
(C) 1920 A.D.

(D) 1921 A.D.

3. अन्तरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस कब मनाया जाता है ? **1**

(A) 10 दिसम्बर

(B) 5 सितम्बर

(C) 14 नवम्बर

(D) 15 अगस्त

When is International Human Rights Day celebrated ? **1**

(A) 10th December

(B) 5th September

(C) 14th November

(D) 15th August

4. 'गुलामगिरी' का लेखक कौन था ? **1**

(A) डॉ० भीम राव रामजी अम्बेडकर

(B) ज्योतिबा फुले

(C) कैलाशबासिनी देवी

(D) राधास्वामी नायकर

Who was the author of 'Gulamgiri' ? **1**

(A) Dr. Bhim Rao Ramji Ambedkar

(B) Jyotiba Phule

(C) Kailashbashini Devi

(D) Radha Swami Naicker

5. सामुदायिक सरकार से क्या तात्पर्य है ? **1**

(A) जब पूरा समाज मिलकर शासन का संचालन करता हो

(B) जब सत्ता का बँटवारा विभिन्न सामाजिक समूहों में हो

(C) बहुल कार्यपालिका वाली सरकार हो

(D) मंत्रियों की सामूहिक जिम्मेदारी वाली सरकार हो

What is meant by community government ? **1**

(A) When the whole society runs the government together

(B) When power is divided among different social groups

(C) There should be a government with multiple executives

(D) A government with collective responsibility of ministers

6. निम्नलिखित में से कौन-सा शासन का अंग नहीं है ? **1**

(A) कार्यपालिका

(B) नगरपालिका

(C) न्यायपालिका

(D) विधायिका

Which of the following is not a part of government ? **1**

(A) Executive

(B) Municipality

(C) Judiciary

(D) Legislative

7. भारत में पंचायती राज की स्थापना हुई थी **1**

(A) 1980 में

(B) 1990 में

(C) 1992 में

(D) 2004 में

Panchayati Raj was established in India in **1**

(A) 1980

(B) 1990

(C) 1992

(D) 2004

8. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की विचारधारा क्या है ? **1**

(A) मार्क्सवाद-लेनिनवाद में विश्वास

(B) धर्मनिरपेक्षता और लोकतन्त्र का समर्थक

(C) साम्राज्यवाद और साम्प्रदायिकता विरोधी

(D) इनमें से सभी

What are the main ideologies of Communist Party of India (Marxist) ? **1**

(A) Believe in Marxism-Leninism

(B) Supporter of secularism and democracy

(C) Opponent of imperialism and communalism

(D) All of these

9. लोकतंत्र का प्रमुख गुण निम्न में से कौन-सा है ? **1**

(A) देशभक्ति की भावना

(B) राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण

(C) प्रगतिशील सरकार

(D) इनमें से सभी

Which of the following is the main feature of democracy ? **1**

(A) Sense of patriotism

(B) Formation of national character

(C) Progressive government

(D) All of these

10. भारतीय संघ में अवशिष्ट शक्तियाँ किसको प्राप्त हैं ? **1**

(A) राज्य

(B) संघ

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

Who has the residuary powers in the Indian union ? **1**

(A) State

(B) Union

(C) Both (A) and (B)

(D) None of these

11. पंजाब में भूमि निम्नीकरण का निम्नलिखित में से मुख्य कारण क्या है ? **1**

(A) गहन खेती

(B) वनोन्मूलन

(C) अधिक सिंचाई

(D) इनमें से सभी

Which of the following is the main reason for land degradation in Punjab ? **1**

(A) Intensive farming

(B) Deforestation

(C) Over-irrigation

(D) All of these

12. निम्न में से कौन-सा संरक्षण तरीका समुदायों की सीधी भागीदारी नहीं करता है ? **1**

(A) संयुक्त वन प्रबन्धन

(B) बीज बचाओ आन्दोलन

(C) चिपको आन्दोलन

(D) वन्य जीव पशुविहार का परीसीमन

Which of the following conservation methods does not involve direct participation of communities ? **1**

(A) Joint forest management

(B) Save seed movement

(C) Chipko movement

(D) Delimitation of wildlife sanctuary

13. निम्न में से कौन-सी एक फलीदार फसल है ? **1**

(A) दालें

(B) ज्वार

(C) मोटे अनाज

(D) चावल

Which of the following is a leguminous crop ? **1**

(A) Pulses

(B) Jowar

(C) Coarse grains

(D) Rice

14. निम्न में से कौन-सी शब्दावली दो या अधिक देशों के बीच व्यापार को दर्शाती है ? **1**

(A) आंतरिक व्यापार

(B) बाहरी व्यापार

(C) अंतरराष्ट्रीय व्यापार

(D) स्थानीय व्यापार

Which of the following terms refers to the trade between two or more countries ? **1**

(A) Internal trade

(B) External trade

(C) International trade

(D) Local trade

15. पृथ्वी सम्मेलन का आयोजन कब हुआ ? **1**

(A) 1991

(B) 1992

(C) 1993

(D) 1989

Earth Summit was organized in **1**

(A) 1991

(B) 1992

(C) 1993

(D) 1989

16. एक देश का अधिकांशतः प्राकृतिक प्रक्रिया से उत्पादन क्षेत्रक की गतिविधि है। **1**

(A) प्राथमिक

(B) द्वितीयक

(C) तृतीयक

(D) सूचना प्रौद्योगिकी

The production of a country mostly from natural process is an activity of sector. **1**

(A) Primary

(B) Secondary

(C) Tertiary

(D) Information Technology

17. स्वयं सहायता समूह में बचत और ऋण संबंधी अधिकतर निर्णय लिए जाते हैं **1**

(A) बैंकों द्वारा

(B) सदस्यों द्वारा

(C) गैर-सरकारी संस्था द्वारा

(D) इनमें से कोई नहीं

Most of the decisions related to savings and loans taken in the self-help group are taken by **1**

(A) banks

(B) members

(C) NGOs

(D) none of these

18. वैश्वीकरण ने जीवन स्तर के सुधार में सहायता पहुँचायी है **1**

(A) सभी लोगों को

(B) विकसित देश के लोगों को

(C) विकासशील देशों के श्रमिकों को

(D) इनमें से कोई नहीं

Globalisation has helped improving the standard of living of **1**

(A) All the people

(B) People of developed countries

(C) Workers in developing countries

(D) None of these

19. भारत में उदारीकरण की प्रक्रिया की शुरुआत कब हुई थी ? **1**

(A) 1991 में

(B) 1981 में

(C) 1971 में

(D) 2001 में

When was the process of liberalisation started in India ? **1**

(A) 1991

(B) 1981

(C) 1971

(D) 2001

20. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम पारित किया गया था **1**

(A) 1985 में

(B) 1984 में

(C) 1986 में

(D) 1987 में

Consumer Protection Act was passed in **1**

(A) 1985

(B) 1984

(C) 1986

(D) 1987

## खण्ड - ब

## PART - B

## (वर्णनात्मक - I / Descriptive - I)

(निम्न प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग 80 शब्दों में दीजिए। / Write answers of the following questions in about 80 words each.)

1. फ्रांस की क्रान्ति के चार कारण लिखिए। **1+1+1+1**

**अथवा / OR**

साइमन कमीशन की रिपोर्ट से काँग्रेस क्यों असन्तुष्ट थी ? **4**

*Write four causes of French Revolution.* **1+1+1+1**

*OR*

*Why was the Congress dissatisfied with the report of the Simon Commission?* **4**

2. संघवाद से क्या तात्पर्य है ? **4**

**अथवा / OR**

लोकतांत्रिक देश में राजनीतिक दलों की आवश्यकता पर प्रकाश डालिए। **4**

*What is meaning of federalism ?* **4**

*OR*

*Throw light on the need of political parties in a democratic country.* **4**

3. पहाड़ी क्षेत्रों में मृदा अपरदन की रोकथाम के लिए क्या कदम उठाने चाहिए ? **4**

**अथवा / OR**

जल दुर्लभता क्या है ? वर्षा जल संग्रहण की पद्धतियों का वर्णन कीजिए। **2 + 2 = 4**

*What steps should be taken to prevent soil erosion in hilly areas ?* **4**

*OR*

*What is water scarcity? Describe the methods of rain water harvesting.* **2 + 2 = 4**

4. सरकार द्वारा किसानों के हित में किये गए सुधार कार्यक्रमों की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए **4**

**अथवा / OR**

मिट्टी से आप क्या समझते हैं ? भारत की प्रमुख मृदा प्रकारों का वर्णन कीजिए। **2 + 2 = 4**

*Briefly explain the reform programmes done by the government in the interest of the farmers.* **4**

*OR*

*What do you understand by soil ? Describe the main types of soil of India.* **2 + 2 = 4**

**(वर्णनात्मक - II / Descriptive - II)**

(निम्न प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में दीजिए। / Write answers of the following questions in about 150 words each.)

5. इटली के एकीकरण की प्रक्रिया को संक्षेप में लिखिए। **6**

**अथवा / OR**

भारत में औद्योगिक विकास की क्या विशेषताएँ हैं? किन्हीं चार का उल्लेख कीजिए। $1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2}$

*Briefly write the process of unification of Italy.* **6**

*OR*

*What are the characteristics of industrial development in India? Mention any four.* $1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2}$

6. भारत में विकेन्द्रीकरण से आप क्या समझते हैं ? **6**

**अथवा / OR**

लोकतन्त्र किस तरह उत्तरदायी, जिम्मेदार और वैध सरकार का गठन करता है ? **6**

*What do you mean by decentralisation in India ?* **6**

*OR*

*How does democracy form an accountable, responsible and legitimate government?* **6**

7. वन और वन्य जीव संरक्षण पर एक निबंध लिखिए। **6**

**अथवा / OR**

भारत में लौह अयस्क के उत्पादन एवं वितरण का वर्णन कीजिए। **6**

*Write an essay on the forest and wildlife conservation.* **6**

*OR*

*Describe the production and distribution of iron ore in India.* **6**

8. आर्थिक गतिविधियों की विभिन्न क्षेत्रकों में विभाजित करने के आधारों की विवेचना कीजिए। **6**

**अथवा / OR**

विश्व व्यापार संगठन के कार्यों की विवेचना कीजिए। **6**

*Discuss the bases for the classification of economic activities into different sectors.* **6**

*OR*

*Discuss the functions of World Trade Organisation.* **6**

## (मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न / Map Related Questions)

**निर्देश :** प्रश्न संख्या 9 (A) तथा 9 (B) मानचित्र से संबंधित हैं। **5**

**Instruction:** Question Nos. 9(A) and 9(B) are related to map.

**9(A).** निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिये गये रेखा मानचित्र में चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा अंकन के लिए अंक निर्धारित हैं : **5**

(i) वह स्थान जहाँ असहयोग आन्दोलन का कार्यक्रम स्वीकार किया गया। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) वह स्थान जहाँ चन्द्रशेखर आजाद शहीद हुए थे। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) वह स्थान जहाँ 1929 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) वह स्थान जहाँ गाँधी जी ने किसान सत्याग्रह का बिहार में नेतृत्व किया था। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) वह स्थान जहाँ 1927 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

*In the given outline map of India, locate the following places by the symbol with names. For correct mention of name and marking of location $\frac{1}{2}$, $\frac{1}{2}$ marks have been allotted:* **5**

(i) The place where the programme of non-cooperation movement was accepted. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) The place where Chandrashekhar Azad was martyred. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) The place where the Congress session was held in 1929. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) The place where Gandhiji led the peasant satyagraha in Bihar. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) The place where the Congress session was held in 1927. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**9(B).** निर्देश : दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए : **5**

(i) खनिज तेल का सबसे ज्यादा उत्पादन वाला राज्य P चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) महाराष्ट्र का राजधानी नगर चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) भारत के किसी एक परमाणु ऊर्जा केन्द्र का नाम (SSS) चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iv) भारत का एक लौह-इस्पात संयंत्र चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(v) एक ताप विद्युत ऊर्जा केन्द्र चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

*Instruction: Show the following on the given map of India :* **5**

(i) Capital city of Maharashtra by symbol with name. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(ii) Largest producer of mineral oil with the name of state and symbol P. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iii) Write the name of any atomic energy centre of India with (SSS) sign. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iv) One iron-steel plant of India by symbol with name. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(v) One thermal power station by symbol with name. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में)**

**9(A).** निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

(i) किस स्थान पर असहयोग आन्दोलन का कार्यक्रम स्वीकार किया गया था ? **1**

(ii) किस स्थान पर चन्द्रशेखर आजाद शहीद हुए थे ? **1**

(iii) किस स्थान पर 1929 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था ? **1**

(iv) किस स्थान पर गाँधी जी ने किसान सत्याग्रह का बिहार में नेतृत्व किया था ? **1**

(v) किस स्थान पर 1927 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था ? **1**

*(Only for visually impaired examinees in lieu of Map work)*

**9(A). Instruction: Write the answers of the following questions in your answer-book. Do not use map.**

(i) At which place was the programme of non-cooperation movement accepted ? **1**

(ii) At which place was Chandrashekhar Azad martyred ? **1**

(iii) Where was the Congress session held in 1929 ? **1**

(iv) At which place did Gandhiji led the peasant satyagraha in Bihar ? **1**

(v) Where was the Congress session held in 1927 ? **1**

**9(B)** निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

(i) महाराष्ट्र की राजधानी नगर का नाम लिखिए। **1**

(ii) खनिज तेल का सर्वाधिक उत्पादक राज्य का नाम लिखिए। **1**

(iii) भारत के किसी एक परमाणु ऊर्जा केन्द्र का नाम लिखिए। **1**

(iv) भारत के एक लौह-इस्पात संयंत्र का नाम लिखिए। **1**

(v) किसी एक ताप विद्युत ऊर्जा केन्द्र का नाम लिखिए। **1**

*9(B). Instruction: Write answers of the following questions in your answer-book. Do not use the map.*

(i) Write the name of the capital city of Maharashtra. **1**

(ii) Write the name of the state which is the largest producer of mineral oil. **1**

(iii) Write the name of any atomic energy centre of India. **1**

(iv) Write the name of one iron-steel plant of India. **1**

(v) Write the name of one thermal power station. **1**